पंजाब केसरी 17/10/2024

वृक्ष पृथ्वी के फेफड़े और उनकी देखभाल करना हमारी सांझी जिम्मेदारी : डा. रोहित दत्त

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज मे स्वच्छ भारत अभियान के तहत हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में पौधारोपण करते प्राध्यापक एवं विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 16 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता को बढ़ाना है, जो कि भविष्य में स्वच्छ और हरा-भरा भारत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के फेफड़े हैं और उनकी देखभाल करना हमारी सांझी जिम्मेदारी है।

इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. सुजाता गोयल ने कहा कि जितने ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे, हवा उतनी ही साफ होगी। पर्याप्त ऑक्सीजन और कम कार्बन डाईऑक्साइड होने से हवा साफ एवं प्रदूषण मुक्त होगी। पौधों में प्राकृतिक रूप से गंदे पानी को छानने की क्षमता भी होती है। इसलिए अधिक पेड़ लगाने से न केवल स्वच्छ हवा मिलेगी, बल्कि पानी भी साफ होगा।

कॉलेज के स्वच्छ भारत अभियान के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण की रक्षा करते हैं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ जीवन के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर कॉलेज परिसर में अनेक पेड़ लगाए। इस कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।